(

बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

संकल्प

संकल्प सं0:- 5710057 / पटना, दिनांक :- 04/06/26

ग्रा0वि0-R-503/30/2026-Section-14-RDD-RDD

श्री वैभव कुमार (अनुक्रमांक-238973), परियोजना पदाधिकारी-सह-निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, सहरसा के विरूद्ध आर्थिक अपराध ईकाई, बिहार, पटना के पत्रांक-2295 दिनांक-01.04.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि श्री वैभव कुमार के विरूद्ध आय के ज्ञात एवं वैध स्रोतों से अधिक परिसंपत्ति अर्जित करने के संबंध में आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या-04/2026, दिनांक-29.03.2026, धारा-13(2) सह पठित 13(1)(बी) भ्र०नि०अधि०-1988 (यथा संशोधित-2018) दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। इनके द्वारा 2,41,14,000/- रूपये मूल्य की आय से अधिक सम्पत्ति अर्जन के प्रथम द्रष्टया साक्ष्य पाये गये है, जो उनके ज्ञात आय से लगभग 78.03 प्रतिशत अधिक है।

2. श्री वैभव कुमार के विरूद्ध आर्थिक अपराध ईकाई, बिहार, पटना से प्रतिवेदित आरोप की समीक्षा विभाग द्वारा की गयी । समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री वैभव कुमार के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली-1976 के प्रतिकूल एवं गंभीर प्रकृति के हैं ।

3. अत: श्री वैभव कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9(1) (क) के आलोक में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री वैभव कुमार का मुख्यालय- प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णियां प्रमंडल, पूर्णियां निर्धारित किया जाता है ।

4. निलम्बन की अवधि में श्री वैभव कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम- 10 के तहत अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. निलम्बन के आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(रेणु कुमारी)

विशेष कार्य पदाधिकारी।

स्पीड पोस्ट/ ई मेल

ज्ञापांक:- 5710057 /ग्रा0वि0 पटना, दिनांक :- 04/06/26

प्रतिलिपि:- प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णियां प्रमंडल, पूर्णियां/जिला पदाधिकारी, सहरसा/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना/जिला कोषागार पदाधिकारी, सहरसा/अपर पुलिस महानिदेशक, आर्थिक अपराध ईकाई, बिहार, पटना/श्री वैभव कुमार (अनुक्रमांक-238973), परियोजना पदाधिकारी-सह-निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

D:\Section-014\Year-2025-26\Office Order-2025-26\Notification(2026)-12 (Nelambit).doc

ज्ञापांक :- 5710057 /ग्रा०वि० पटना, दिनांक :- 04/06/26

प्रतिलिपिः- प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा- 03, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु/आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक :- 5710057 /ग्रा०वि० पटना, दिनांक :- 04/06/26

प्रतिलिपिः-जिल पदाधिकारी, सहरसा को पत्र की एक अतिरिक्त प्रति भेजते हुए अनुरोध है कि पत्र का तामिला श्री वैभव कुमार को कराते हुए तामिला प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

D:\Section-014\Year-2025-26\Office Order-2025-26\Notification(2026)-12 (Nelambit).doc